प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
18.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश को किया स्वीकार।
- देश में नाबालिग बच्चों के लिए एन.पी.एस. वात्सल्य योजना शुरू–18 वर्ष तक के बच्चों के खोले जाएंगे पैंशन खाते।
- राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दो दिवसीय बैठक शिमला में शुरू–मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रम जारी–राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत सुन्नी क्षेत्र में रोपे गए लगभग दो हजार औषधीय पौधे।

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमण्डल ने किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार–चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान यानि पीएम–आशा योजनाएं जारी रखने को भी मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई जिसके माध्यम से देश के लगभग 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा।

जयराम

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को सहमति प्रदान करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये एक एतिहासिक निर्णय है और लोकतांत्रिक हितों को सशक्त करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव समय की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सार्वजनिक धन के साथ समय की बचत होगी और विकास गतिविधियों पर प्रशासनिक ध्यान केन्द्रित होगा।

वात्सल्य योजना

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में नाबालिग बच्चों के लिए एन.पी.एस. वात्सल्य योजना का शुभारम्भ किया। इसके माध्यम से नाबालिग बच्चों का पैंशन खाता खोला जा सकेगा और इस योजना का उद्देश्य नाबालिग बच्चों को पैंशन लाभ के साथ जोड़ना है। हिमाचल में योजना के तहत एक सौ खाते खोले गए हैं। शिमला के पोर्टमोर स्कूल में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा इस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से दिखाया गया और बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजना की जानकारी दी गई। उप–महाप्रबंधक प्रदीप आनंद केशरी ने बताया कि 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे अभिभावक के सहयोग से अपने खाते खोल सकते हैं और योजना के माध्यम से वित्तीय तौर पर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज शिमला में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दो दिवसीय बैठक का शुभारम्भ किया। इसमें देश भर से क्षयरोग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूसरी

बार इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने ''मेरी टीबी की कहानी चरण–2'' पहल का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण का शुभारम्भ करने वाला हिमाचल देश का दूसरा राज्य है। इस पहल का उद्देश्य टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और इस बीमारी के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 15 हजार क्षयरोग रोगियों का उपचार किया जा रहा है और इस बीमारी से निपटने में किए गए प्रदेश के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नवीनतम चिकित्सा उपकरणों के लिए राज्य सरकार ने एम्स दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 2 हजार 7 सौ पद भरने की प्रक्रिया जारी है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नवाचार और नवोन्वेश की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में आज उनसे मिलने आए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि शिक्षकों में विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन, तार्किक शक्ति का विकास और राष्ट्रीय चिंतन की भावना आती है। रोहित ठाकुर ने कहा कि मौजूदा दौर में अध्यापकों को परिवर्तन के साथ नयापन लाना होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने शिक्षा मंत्री से स्कूलों में अध्यापकों के खाली पद भरने, प्री–प्राईमरी की एनटीटी भर्ती, पदोन्नति व वेतन विसंगतियां दूर करने और महंगाई भत्ता व एरियर का भुगतान करने की मांग की।

इस बीच रोहित ठाकुर ने शिमला में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि दसवीं व 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिए मानक तय किए जाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार औषधीय पौधों को रोपित कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने आज शिमला जिले के सुन्नी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया और अश्वगंधा का पौधा रोपित किया। विक्रमादित्य सिंह ने इस मौके पर लोगों को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अश्वगंधा, हरड़, बेहड़ा और आंवला सहित अन्य औषधीय पौधे रोपित किए जाएंगे। इस पौधरोपण कार्यक्रम में लगभग 2 हजार औषधीय पौधे रोपित किए गए। विक्रमादित्य सिंह ने लोगों से इन पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने का आहवान किया।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्षमहाजन ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल के विकास के लिए कोई कमी नहीं रखी है और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से प्रदेश को लगभग 9 हजार करोड़ रूपए की राशि मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्री केन्द्रीय मदद को लेकर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने हिमाचल को बड़ी सौगात दी है और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इस वित्त वर्ष में हिमाचल को 92 हजार 3 सौ 64 घर मंजूर किए गए हैं।

मॉकड्रिल

शिमला के जाखू रोपवे में आज जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से जमीन से सौ मीटर की उंचाई पर फंसे लोगों को कुर्सी व रस्सी के माध्यम से नीचे उतारा गया। ये मॉकड्रिल लगभग डेढ़ घंटे तक चली और इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवानों के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने बताया कि आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ये मॉकड्रिल करवाई गई।

पत्रकार वार्ता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा और शिवसेना के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी की आलोचना की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है और विपक्षी दलों को उनके खिलाफ तथ्यहीन बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को अपनी पार्टी के नेताओं को मर्यादा में रहकर बयानबाजी करने के निर्देश देने की सलाह दी है।

गोल्डन चांस

प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021—22 बैच के स्नातक और शास्त्री प्रथम वर्ष के उन विद्यार्थियों को अपनी कम्पार्टमेंट क्लीयर करने का दूसरा स्वर्णिम देने का निर्णय लिया है जो इसे पहले प्रयास में पास नहीं कर पाए हैं। ये कम्पार्टमेंट परीक्षा अगले महीने होगी और इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों को 10 हजार रूपए का शुल्क देना होगा।

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आज सोलन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें लगभग एक सौ स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र की राज्य समन्वयक ईरा प्रभात ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि देश भर में 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और हिमाचल में 40 टन प्लास्टिक को साफ करना नेहरू युवा केन्द्र का उद्देश्य है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक—रूक कर जारी रहा। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई स्थानों पर ताजा वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला सोलन और सिरमौर जिले में कहीं—कहीं पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने के अंत तक प्रदेश से मॉनसून के विदा होने की संभावना है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश को किया स्वीकार।
- देश में नाबालिग बच्चों के लिए एन.पी.एस. वात्सल्य योजना शुरू—18 वर्ष तक के बच्चों के खोले जाएंगे पैंशन खाते।
- राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दो दिवसीय बैठक शिमला में शुरू—मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रम जारी—राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत सुन्नी क्षेत्र में रोपे गए लगभग दो हजार औषधीय पौधे।